डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया आश्विनी कृष्ण पक्ष 06 2083 भोपाल,दिन शुक्रवार,दिनांक 02 अक्टूबर2026

न्यूज गैलरी

करंट से दिव्यज्योति की मौत पर पुतला जलाया

भोपाल। भोपाल में युवा अधिवक्ता दिव्यज्योति तिवारी की बिजली के खंभे में करंट लगने से मौत के विरोध में गुरुवार को डीबी मॉल के सामने पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। मेनूल प्रदेश कांग्रेस महासचिव संजीव सक्सेना ने किया। उन्होंने घटना को निगम्मीर लापरवाही बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। कहा कि जांच कमेटी गठित हो चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। घटनास्थल पर अग्निशि और इंसुलेशन की व्यवस्था की भी जांच हो। लापरवाही साबित होने पर दोषियों पर धारा 302 सहित लागू धाराओं में केस दर्ज किया जाए।

कलारी के सामने युवक से मारपीट, मोबाइल भी छीना

भोपाल। गौतम नगर में बुधवार रात 11.30 बजे दबंगों ने मारपीट कर मोबाइल लूट लिया। छोटा मंदिर निवासी दयानाथ साहनी लेकर पैदल घर जा रहा था। कलारी के सामने जीवाजी ने उसे रोककर गालीगलौज की और मोबाइल छीन लिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया। मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए है। पुलिस ने जीवाजी के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है।

कोलकाता में आज से नेटकॉन, भोपाल कैडाई पदाधिकारी होंगे शामिल

भोपाल। सभ्य प्रदेश के शहरी विकास और भवन निर्माण उद्योगों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कैडाई ने बड़ी पहल की है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर के कैडाई पदाधिकारी 2 अक्टूबर को कोलकाता रवाना होंगे। कैडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज नीमा के नेतृत्व में ये सभी प्रतिनिधि 2 से 4 अक्टूबर तक आईटीसी रीयल बंगाल में होने वाले प्रतिष्ठित कैडाई नेटकॉन 2026 के 34वें संस्करण में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का मुख्य विषय 'द हॉलिस्टिक रियल एस्टेट अप्रोचेस' रखा गया है।

1 करोड़ की ठगी का इकरावीर कनेक्शन रू एटीएस ने मास्टर माइंड से चार घंटे की पूछताछ

मंदसौर। बिहार की साइबर क्राइम गैंग गुरुवार को एटीएस की पकड़ पर आ गई। इसका पाकिस्तान-नेपाल कनेक्शन सामने आने के बाद एसआय एटीएस के दल ने मास्टर माइंड बिहार के रोनी कुमार (30) से 4 घंटे से ज्यादा कोर्ट और पाकिस्तान के कराची कनेक्शन पर 26 सवाल पूछे।

नए प्रदेश प्रभारी विप्लव कुमार देव और संगठन महामंत्री चंद्रशेखार के साथ पार्टी की पहली कोर ग्रुप बैठक

नई टीम के साथ पहली बैठक में संगठन की गुटबाजी, अफसरों के रवैये और सरकार-संगठन के समन्वय पर चर्चा

डीआर संवाददाता ■ भोपाल

मध्यप्रदेश भाजपा के नए प्रदेश प्रभारी विप्लव कुमार देव और संगठन महामंत्री चंद्रशेखार के साथ पार्टी की पहली कोर ग्रुप बैठक में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय को लेकर लंबी बात हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



अफसरों के रवैये का मुद्दा उठा

सूत्रों के मुताबिक बैठक में कुछ मंत्रियों ने अधिकारियों के साथ समन्वय को लेकर लंबी बात रखी। उच्चपदस्थकी राजेंद्र शुक्ला ने कलेक्ट रों पर अधिकारियों के होने पर सवाल उठाए और एमएलएसाई कार्यकर्ताओं के घर में घुसाने की घटना का उल्लेख किया। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके विभाग से जुड़ी कुछ सिंगल घटना को लेकर सवाल किया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कलेक्टरों द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रशासनी के बावजूद कई बार मुख्यमंत्री से सिंगलिंग संवाद नहीं हो पाता। बैठक में सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत पर भी चर्चा हुई।

तीन महीने में गुटबाजी दूर करने का निर्देश

कोर ग्रुप बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी विप्लव कुमार देव ने पदाधिकारियों और संभाग-जिला प्रभारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संगठन में आपसी मतभेद और गुटबाजी को बाधाओं के जरिए दूर करने के लिए तीन महीने की समयसीमा तय करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि सत्ताधारक के बाद भी यदि कोई कार्यकर्ता या पदाधिकारी सहयोग नहीं करता है तो उसके नाम और मोबाइल नंबर प्रदेश नेतृत्व को भेजे जाए।

होर्डिंग में योजनाओं को प्राथमिकता

देव ने नेताओं के स्वागत में होर्डिंगों से बचने और अनावश्यक खर्च से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वागत कार्यक्रमों में सादगी रखी जाए और होर्डिंग में नेताओं की बड़ी तस्वीरों के बजाय सरकार की योजनाओं और काम को प्रमुखता दी जाए। राज्य की कुल और संगठन स्तर के कार्यकर्ताओं से नियमित संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया गया।

संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर

बैठक में सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और संगठन को कुल स्तर तक सक्रिय रखने पर भी चर्चा हुई। नई प्रदेश टीम ने सरकार और संगठन के बीच संवाद बढ़ाने तथा कार्यालयों से सीधे संपर्क रखने को प्राथमिकता बताया है।

टोल प्लाजा से भागे तस्कर, 65 किमी आगे इंदौर में पकड़े गए,7.116 किलोग्राम ड्रग्स जब्त

डीआर संवाददाता ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में मादक पदार्थों की बड़ी खेप लेकर पहुंचे अंतरराज्यीय तस्करों के विरुद्ध आयोजित ऑपरेशन रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) और केंद्रीय माध्यमिक ब्यूरो (सीबीएन) ने संयुक्त कार्रवाई की। टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक पीछा करने के बाद कर्नाटक नंबर की कारी महिंद्रा थार को इंदौर में घेराबंद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। वाहन से 7.116 किलोग्राम एफेड्राइन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5.09 करोड़ रुपए आंकी गई है। थार भी जब्त कर ली गई है।



बैरिकेड तोड़कर भागे, इंदौर में घेराबंदी

डीआरआई को सूचना मिली थी कि कर्नाटक नंबर की थार से तीन संदिग्ध एमडीएमए ले जा रहे हैं। इस सिलसिले सक्रिय डीआरआई और सीबीएन की टीम ने उज्जैन-देवास रोड स्थित धोगर टोल प्लाजा पर घेराबंदी की। तलाशी का इशारा करने पर चालक ने बैरिकेड तोड़कर वाहन भगा दिया। इसके बाद टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक पीछा किया। इंदौर के बिचौली मर्दाना रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया गया।

स्टेपनी टायर में छिपे थे 21 पैकेट

वाहन की तलाशाई कार्यालय लाकर सघन तलाशी की गई। पिछले दरवाजे पर लगे स्टेपनी टायर के नीचे संदिग्ध सामग्री मिली। टायर खोलने पर सफेद-पीले रंग के क्रिस्टल वाले 21 पैकेट बरामद हुए। फील्ड टैस्ट किट के जांच में एमफेटामाइन की पुष्टि हुई। कुल 7.116 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई। तीनों को गुरुवार को जांचपीआरआई अन आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि खेप कहां से लाई गई थी और इंदौर या आसपास इसे किसे सौंपा जाना था। एजेंसियां इस तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और अंतरराज्यीय नेटवर्क की भी जांच कर रही हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत कार्रवाई की गई है।

नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन, डेयरी प्लांट और आईआईएसआर के कार्यक्रमों में भी होंगे शामिल,अमित शाह

डीआर संवाददाता ■ भोपाल।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात भोपाल पहुंचेंगे। उनका शनिवार को राजधानी में विभिन्न सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होने का कार्यक्रम है। शाह भेल दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में पशुपालकों और दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़े लोगों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गोपालकों के शामिल होने की संभावना है।



नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन

अमित शाह भेल दशहरा मैदान में पुलिस मुख्यालय की ओर से नए आपराधिक कानूनों और पुलिस व्यवस्था में हुए बदलावों पर लगाई गई डेज्य आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे। इसके बाद भोपाल स्थित आईआईएसआर परिसर में आधे दिवस के किसानोपयोगी कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वैज्ञानिकों की टीमों का अनुसंधान की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण होगा।

डेयरी प्लांट का शुभारंभ

शाह भोपाल सहकारी दुग्ध संघ परिसर में 30.80 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किए गए फर्मेंटेड उत्पाद डेयरी प्लांट का उद्घाटन भी करेंगे। प्लांट की प्रतिदिन 40 हजार लीटर प्रसंस्करण क्षमता बताई गई है। यहां दूध, दही, छाछ, लस्सी और अन्य दुग्ध उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

सीएम मोहन यादव ने पीएम मोदी को दिया निमंत्रण

इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने मध्यप्रदेश में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, निवेश और औद्योगिक विकास की जानकारी दी।

मृत आदिवासी बच्चों के परिजनों से मिले राहुल गांधी

डीआर संवाददाता ■ बालाघाट

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को बालाघाट के बिरसा विश्वविद्यालय के जंगल गांव पहुंचे। उन्होंने बीमारी के कारण जान गंवाने वाले आदिवासी बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सांत्वना व्यक्त की।



राहुल ने सरकार पर लगाए आरोप

परिजनों से बातचीत के बाद राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी परिवारों को उनके अधिकार और पर्याप्त सहायता नहीं मिल रही है। उन्होंने व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठाए। राहुल ने कहा कि विश्वा, कल्याण और सरकारी योजनाओं का लाभ आदिवासी परिवारों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने इस मुद्दे को संसद में उठाने की बात भी कही।

भाजपा ने राहुल से मांगा जवाब

राहुल गांधी के दौरे के बाद भाजपा ने उन्हें आड़े हाथ लिया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय सक्सेना ने कहा कि राहुल गांधी को केवल दौरा करने के बजाय सरकार के साथ मिलकर समाधान की दिशा में काम करना चाहिए।

मुद्दे पर सियासत तेज

बालाघाट में आदिवासी बच्चों की मौत का मामला अब राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच लगातार आरोप-प्रत्यारोप हो रहे हैं। प्रभावित परिवारों की स्थायी सुविधाओं और सरकारी सहायता में पूरे मामला घूम रहे हैं।

बिजली चोरी के बकाया पर विशाल मेगा मार्ट का ट्रांसफॉर्मर जब्त

डीआर संवाददाता ■ भोपाल

भानपुर के 80 फीट रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट में बिजली चोरी के मामले में बिजली कंपनी ने बकाया राशि की वसूली के लिए कार्रवाई की। गुरुवार को कंपनी के अमले ने मौके पर लगा 315 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर ज़ोन की गाड़ी से उतारकर जब्त कर लिया। कंपनी के अनुसार संबंधित परिसर से 65 लाख 76 हजार 568 रुपए की राशि की वसूली की जानी है।



जांच में पकड़ी गई थी बिजली चोरी

करीब जोन के मैनेजर महेश जोशी ने बताया कि बकाया राशि की वसूली के लिए नियमानुसार ट्रांसफॉर्मर जब्त किया गया है। इससे पहले बिजली कंपनी की जांच टीम ने विशाल मेगा मार्ट में बिजली चोरी पकड़ी थी।

सीधे केबल से ली जा रही थी सप्लाई

जांच के दौरान ट्रांसफॉर्मर से सीधे एलटी आर्मर्ड केबल जोड़कर बिजली सप्लाई लेने की बात सामने आई थी। मौके पर कुल 134.15 किलोवाट का विद्युत भार भी पाया गया था। कंपनी ने जांच के आधार पर बकाया राशि की वसूली के लिए यह कार्रवाई की।

रात में सोयाबीन के तेज से भरा टैंकर पलटा ,वीआईपी रोड पर टैंकर पलटने के बाद नाले के रास्ते तालाब तक पहुंचा तेल, जलीय जीवन पर असर की आशंका

डीआर संवाददाता ■ भोपाल

वीआईपी रोड स्थित कोलोजिका चौराहे पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सोयाबीन तेल से भरा टैंकर पलटने के बाद उस इलाका असर बड़े तालाब तक पहुंच गया है। हादसे के दौरान सड़क पर बड़ी मात्रा में तेल फैल गया था। बाद में पास के नाले तेल तालाब में पहुंचा। अब तालाब में करीब डेढ़ एकड़ से अधिक क्षेत्र में पानी की सतह पर तेल की मोटी और पिच्चिपी परत दिखाई दे रही है।

जलकुंभी और पानी की सतह पर बनी परत

तालाब के किनारे से ऊपर की ओर पानी और जलकुंभी के ऊपर तेल की परत साफ देखी जा सकती है। सतह पर तेल जमा होने से प्रभावित हिस्से में पूर्ण की रोशनी और हवा का पानी तक पहुंचना कम हो सकता है। इससे जलीय जीवों पर खतरा बढ़ गया है।

सीवेज के साथ पहुंचा तेल, दुर्गंध का खतरा

जिस हिस्से में तेल पहुंचा है, वहां नाले के माध्यम से सीवेज और अन्य प्रदूषक भी तालाब में आते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार तेल की परत से पानी की ऑक्सीजन लेने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इससे मछलियों और जलीय जीवों के मरने की आशंका बढ़ जाती है।

विशेषज्ञ ने बताया खिला का विभाग

टायन प्रशासन और बड़े तालाब पर डेरा कर चुकी डॉ. सीतल शर्मा के अनुसार तालाब में तेल का पीजल जलीय जीवन के लिए खिला का विषय है।

साहस फ्लाईदुबई की फ्लाइटबचाने वाले कैप्टन स्मित मछार एयरलिफ्टकर को-पायलटके चाकू से हमले में हुए थे गंभीर घायल, अब खतरे से बाहर

डीआर संवाददाता ■ भोपाल

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड 1073 को दुर्घटना से बचाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार को एयरलिफ्ट कर दुबई के अस्पताल लाया गया है। फ्लाइट के दौरान को-पायलट द्वारा चाकू से किए गए हमले में कैप्टन मछार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के बाद उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

संकट के बीच संभाली विमान की कमान

हमले के बावजूद कैप्टन मछार ने विमान को संभालते हुए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सूझबूझ और पेशेवर क्षमता के कारण विमान को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित किया जा सका। घटना के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर दुबई लाया गया।



13 साल से ज्यादा का उड़ान अनुभव

गुजरात मूल के कैप्टन स्मित मछार अनुभवी कमर्शियल पायलट हैं। उनके पास बोइंग-737 विमान उड़ाने का 13 साल से अधिक का अनुभव है। वह पिछले चार वर्षों से फ्लाईदुबई में कमांडर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

उनके लंबे उड़ान अनुभव की देखते हुए घटना के तौराम विमान को संभालना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पीएम मोदी ने की बहादुरी की तारीफ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन स्मित मछार की बहादुरी की सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे कैप्टन मछार से बात करेंगे और उनके साहस और कौशल की सराहना करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री टैटियाना पेस्कोव, और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कप्तान मछार की सूझबूझ और साहस की प्रशंसा की। अधिकारियों ने कहा कि उनकी हालत अब स्थिर है और वे धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं।

14 थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी की 26 वारदातें, 20.37 लाख की चपत,ऑनलाइन लेनदेन और निवेश का झांसा देकर ठगी,

डीआर संवाददाता ■ भोपाल

राजधानी में साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में शहर के 14 थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी के 26 मामले दर्ज किए गए। ठगों ने ऑनलाइन लेनदेन, निवेश और अन्य तरीकों का झांसा देकर लोगों से कुल 20 लाख 37 हजार रुपए ठग लिए। शिकायत मिलने के बाद संबंधित थानों की पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



इन थाना क्षेत्रों में दर्ज हुए मामले

पुलिस के अनुसार कजरिया, शाहपुरा, आशोका गार्डन, अरेरा हिल्स, निशातगंज, अलपुरी, निशातपुरा, शाहजहांनाबाद, हनुमानगंज, कोलार, चूना भट्टी, कजलीखेड़ा, निशातपुरा और छोला मंदिर थाना क्षेत्रों के लोग साइबर ठगी के शिकार हुए हैं।

अलग-अलग तरीकों से बनाया निशाना

ठगी के मामलों में पालन पुरा, अशुतोष सिंह, लक्ष्मण सिंह, गरीब रैकवार, मनोज साहू, गोपी ठाकुर, सुजान सिंह, कमलेश कुमार, सत्यार्थ प्रकाश अग्रवाल, दिनेश गुप्ता और स्थानि सेन सहित अन्य लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब शिकायतों के आधार पर ठगी के तरीकों और रकम के लेनदेन की जांच कर रही है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण पक्ष 06 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 02 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्श अपनाने का संदेश

सीहोर, 1 अक्टूबर। प्रधानमंत्री पलिटेक्निक एवं एग्रीकल्चर पंडितश्वर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत महात्मा गांधी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को गांधीजी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। प्राचार्य डॉ. रोहितकुमार कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों से सादा, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अंजीम प्रेमजी फाउंडेशन की संयोजिका अमृता सिंह ने गांधीजी के विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रमिला जैन ने तीन बंदरों के माध्यम से सकारात्मक सोच का संदेश दिया। संचालन डॉ. सुमिया गुप्ता ने किया।

किसानों को मिलेगा उत्कृष्ट कार्य का पुरस्कार, 25 अक्टूबर तक आवेदन

विकासखंड और जिला स्तर पर चयनित किसानों को मिलेगी पुरस्कार राशि

सीहोर। एग्रिकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) के सहयोग वर्ष 2025-26 के सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और उन्नत तकनीक अपनाने वाले किसानों का चयन निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से पांच उत्कृष्ट किसानों का चयन कर प्रस्ताव को 20 हजार रुपए दिए जाएंगे। जिला स्तर पर 10 किसानों का चयन होगा और प्रत्येक को 25 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी। इच्छुक किसान आवश्यक दस्तावेजों के साथ आत्मा कार्यालय या वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है।

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाता सूची में जुड़वाएं नाम

सीहोर, जिले में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 भरकर वीएलओ अथवा संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पात्र नागरिक निर्वाचन आयोग के ऑफिशियल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म-6 भी भर सकते हैं। निर्वाचन विभाग ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने और नाम नहीं होने पर आवेदन करने की अपील की है।

गांधी जयंती पर और 8 तक मद्य निषेध सप्ताह

सीहोर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश में 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी जिलों में नशामुक्ति नाटक, प्रतियोगिताएं, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, ड्राय संकल्प, ऑनलाइन शपथ भी दिलाई जाएगी। विभाग के अपर आयुक्त कंजी तिवारी ने सभी कलेक्टरों को आयोजन के निर्देश जारी किए हैं। नशामुक्ति रैली, नुक्कड़

अनुमति का नियम: रिटार्ड अफसरों को घर-घर निमंत्रण

सीहोर। राष्ट्रीय अतिमा जागरण न्यास, मध्यप्रदेश के अनुभवी का मिलन 2026 की

चेतावनी शहर की जर्जर सड़कों पर कांग्रेस ने सरकार और जनप्रतिनिधियों को घेरा, भाजपा ने फोरलेन मंजूरी का दिया हवाला

28 करोड़ की श्यामपुर रोड छह महीने भी नहीं चली, कांग्रेस ने उठाए सवाल

डीआर संवाददाता>सीहोर



शहर की खराब सड़कों को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम गुजराती ने शहर की सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार, स्थानीय विधायक और सांसद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर की कई प्रमुख सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं और निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़कों की हालत खराब होने लगती है।

गुजराती ने श्यामपुर रोड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि करीब 28 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई सड़क छह महीने भी ठीक नहीं रह सकी। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करने तथा कार्रवाई की मांग की।

मंडी रोड की हालत पर भी उठे सवाल

दो दिन पहले नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस किशोरा रावतर मालवा पार्षदों के साथ लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने मंडी रोड की खराब स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई थी। इसके बाद ही सड़क की मरम्मत कराने की मांग की गई।

वहीं श्यामपुर सड़क का सुधार गढ़ा प्रदेश रोड अंतर्गत्तगत कांगरेशन से कराने की बात सही। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में गड़बड़ी सामने आने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होना जरूरी है।

दो माह पहले किया ठामरीकरण भी उखड़ने का आरोप

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शहर की उन सड़कों की स्थिति पर भी सवाल उठाए, जिन्हें पहले लोक निर्माण विभाग से नगर पालिका को सौंपा गया था। उनके अनुसार शहर की छह प्रमुख सड़कों के हस्तांतरण के बाद पर्याप्त रोडवेरेज नहीं होने से उनकी स्थिति खराब हुई है।

गुजराती कोलवाली डाल से लीला टॉकीज और एमपीबी पीसाई की सड़क का उदाहरण देते हुए कहा कि करीब दो महीने पहले कराया गया डामरीकरण भी कई स्थानों पर उखड़ने लगा है। कांग्रेस ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

पहले भी सड़क मुद्दे पर प्रदर्शन

राजीव गुजराती ने कहा कि कांग्रेस लगातार शहर और अलसबह की सड़कों की समस्या को लेकर आवाज उठाती रही है। श्यामपुर रोड की स्थिति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहले भी की थी। इस दौरान ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ प्रारंभिकी कार्रवाई करने की मांग की गई थी।

बिजौरी के टूटे पुल को लेकर भी कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था। सड़क और निर्माण कार्यों के गुणवत्ता नेता पंकज शर्मा ने विरोध जताते हुए गुंडन कराया था।

भाजपा ने कहा– श्यामपुर मार्ग फोरलेन के लिए मंजूर

सड़क के मुद्दे पर भाजपा की ओर से कहा गया है कि सीहोर–श्यामपुर मार्ग को फोरलेन बनाने की मंजूरी मिल चुकी है। भाजपा ने कांग्रेस पर सड़क के मुद्दे को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। जनवरी 2026 में इस मार्ग को फोरलेन बनाने की स्वीकृति से संबंधित रिपोर्ट भी सामने आई थी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भाजपा विधायक सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों से राजनीतिक बयानों से ऊपर उठकर शहर की सड़कों की समस्या का समाधान कराने की मांग की। उन्होंने खराब सड़क निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग दोहराई।

मृगीसपुर में बाइक सवार युवक को रोककर हमला, बाइक पर भी बरसाई

डीआर संवाददाता>सीहोर

जिले के ग्राम मृगीसपुर में पिपरहाड़ी बाइक सवार युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने युवक को रास्ते में रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपित हमले से घबराया युवक बाइक मौके पर छोड़कर वहां से भाग गया।

युवक के भागने के बाद हमलावरों ने सड़क पर खड़ी उसकी बाइक को निशाना बनाया। वीडियो में कुछ लोग लाठियों से बाइक पर लगातार वार करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के दौरान सड़क पर अन्य लोग भी मौजूद थे, लेकिन हमलावरों के डर के कारण किसी ने बीच-बचाव नहीं किया।

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। पुलिस द्वारा वायरल वीडियो के आधार पर आरोपितों की पहचान की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बाइक में तोड़फोड़ और लाठियों से हमला करने वाले लोगों की संख्या में जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक को किस कारण से रोका गया था और उसके साथ मारपीट करने के पीछे क्या विवाद था। मामले में शामिल लोगों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी की जांच की जा रही है।

विवाद की वजह स्पष्ट नहीं

फिलहाल घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस सभी से जुड़े लोगों से पूछताछ और उपलब्ध वीडियो की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। पिपरहाड़ी चौकी पर तैनात पुलिस बल को इलाके में शांति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।



युवक की मौत मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, एसडीओपी कार्यालय पहुंचे जांच की मांग

डीआर संवाददाता> आष्टा

पाबेमी थाना क्षेत्र के खारी निवासी 30 वर्षीय विक्रम पंवार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मृतक के परिजनों सहित सतपुड़ा समाज के केंद्रीय युवा संगठन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मंडलोई के नेतृत्व में समाजजन और मृतक के परिजन एसडीओपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मामले के सभी पहलुओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

मारपीट और गोलीकांड होने का आरोप

पुलिस के दिए मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मृतक के शरीर पर चोट के निशान की मौजूदगी के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। समाजजनों ने आरोप लगाया कि 19 सितंबर की रात में हुई घटना को लेकर पहले थाने में शिकायत की गई थी, लेकिन समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य जांच के साथ रक्तदान, 26 लोगों ने किया रक्तदान

डीआर संवाददाता>सीहोर



1 अक्टूबर। जिला न्यायालय परिसर स्थित एडिशनल भवन में गुरुवार को मेगा स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश राज्य न्यायालय और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में जिला चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान 80 अधिवक्ता-कर्मचारियों की यौगी और शुगर की जांच की गई, जबकि 70 लोगों ने ब्लिस्टिन्स रक्त परीक्षण के लिए नमूने दिए गए। न्यायाधीशों सहित कुल 26 लोगों ने रक्तदान किया। प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने स्वयं रक्तदान कर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को इसके लिए प्रेरित किया।

सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

स्वास्थ्य शिविर से पहले सत्रा प्रबंधन के तहत जिला चिकित्सालय के डॉ. अनंत वर्मा ने सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने आपात स्थिति में सीने पर दबाव डालने, कृत्रिम श्वास देने और सामान्य उपचार के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी। शिविर में हृदयाघात, मस्तिष्काघात, दौरों, अस्थि रोग, नेत्र एवं नपुंसकता और सही जीवनशैली से जुड़ी परामर्श दिया। महिला स्वास्थ्य को लेकर महिला चिकित्सक डॉ. सुनीता अग्रवाल ने भी परामर्श दिया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन वेदार कार्यक्रमों के लिए जरूरी है। उन्होंने सभी से सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए स्वस्थ जीवन और नियमित जांच की जानकारी देने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश के आह्वान पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुराग सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने किया। शिविर में अधिवक्ता, कर्मचारी, पक्षकार और अन्य लोग मौजूद रहे।

विशेषज्ञ दल ने जिला अस्पताल और भाऊखोड़ी स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं परखीं

डीआर संवाददाता>सीहोर



जिले में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं और विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय विशेषज्ञ दल ने जिला चिकित्सालय तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाऊखोड़ी, ब्लॉक इछावर का निरीक्षण किया। दल ने स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की राज्य सलाह मोंगल से आए डॉ. कमलेश गांधीवाल और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र भोपाल से आए चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य कार्यक्रमों की तैयारियों, उनकी क्रियान्वयन तथा निगरानी व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। दल ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सकों और संचालित कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए उनके क्रियान्वयन की समीक्षा की।

अधिकारियों से कार्यक्रमों की स्थिति जानी

अधिकारियों से कार्यक्रमों की नियमित निगरानी और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिला स्तर से जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि खरे सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। विशेषज्ञ दल ने सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी लेकर कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

कन्या महाविद्यालय में 95 छात्राओं और स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण

डीआर संवाददाता>सीहोर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवक रेडक्रॉस सोसायटी, शासकीय कन्या महाविद्यालय और जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता ओसवा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय की टीम ने करीब 95 छात्राओं एवं स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के बाद आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति किया जागरूक

शिविर में छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, पोषण, महिला स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मनोरंजन शर्मा और चिकित्सकीय दल ने एनम स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम तथा गलत्व के संबंध में जानकारी साझा की।

विशेषज्ञों ने छात्राओं को तनाव प्रबंधन, भावनात्मक स्वास्थ्य और जीवन-कौशल के साथ ही प्रजनन स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा तथा नशे से बचाव के प्रति भी जागरूक किया।

स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी का संदेश

कार्यक्रम का प्रारंभ छात्राओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा। शिविर में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, कर्मचारी, युवक रेडक्रॉस

पट्टे वितरित नगर पालिका सभागार में मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना के तहत पट्टे बांटे गए,

20 परिवारों को मिला जमीन पर अधिकार, आवास की किस्त से पक्के घर की उम्मीद

डीआर संवाददाता>सीहोर



नगर पालिका परिषद सीहोर की ओर से मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना 2026 के तहत अलग-अलग वार्डों में निवासरत पात्र हितग्राहियों को भू-अधिकार पट्टों का वितरण किया गया। नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 20 हितग्राहियों को पट्टे सौंपे गए। इसके साथ ही पात्र परिवारों को आवास योजना की किस्त का लाभ भी दिया गया। पट्टा वितरण के दौरान हितग्राहियों को भूमि पर मिले अधिकार, आवास योजना की पात्रता और शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सतीर ने कहा कि योजना के माध्यम से लंबे समय से जिस भूमि पर परिवार निवास कर रहे हैं, उस पर उन्हें वैधानिक अधिकार देने का काम किया जा रहा है। पट्टा मिलने के बाद परिवारों को भूमि से संबंधित सुरक्षा और स्थायित्व मिलेगा।

योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने पर जोर

नगराध्यक्ष प्रिंस सतीर ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सीधे पहुंचे। भू-अधिकार पट्टा मिलने के साथ आवास योजना की किस्त मिलने से परिवारों को पक्के मकान के निर्माण में आर्थिक सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर के विभिन्न वार्डों में पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नगर पालिका लगातार प्रयास कर रही है।

हितग्राही बोले- भविष्य की सुरक्षा का आधार मिला

पट्टा प्राप्त करने वाले हितग्राही रमेश बोयट ने कहा कि लंबे समय से परिवार जिस भूमि पर रह रहा था, उसका पट्टा मिलने से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने शासन और नगर पालिका अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि पट्टे के साथ आवास की किस्त मिलने से घर को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज परिवार के लिए भूमि पर अधिकार और भविष्य की सुरक्षा का आधार है।

कार्यक्रम में नगर पालिका के एएमईई इंजीनियर विजय कोहली, उपाध्यक्ष विपिन सासरा, पार्षद कमलेश सतीर, इरफान लाल, मजीद अंसारी, अर्जुन सतीर, लोकेंद्र वर्मा और मांगीलाल मालवीय सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही मौजूद रहे।

सीहोर मंडी में सोयाबीन 5,951 और तहसुन 17,401 रुपए

डीआर संवाददाता>सीहोर



कृषि उपज मंडी समिति सीहोर में 1 अक्टूबर को विभिन्न कृषि जिंसों की कुल 11,280 क्विंटल आवक दर्ज की गई। मंडी में सोयाबीन की सबसे अधिक आवक रही। पीला सोयाबीन 5,281 क्विंटल आया। इसके भाव न्यूनतम 4,001 रुपए और अधिकतम 5,951 रुपए प्रति क्विंटल रहे। मॉडल भाव 5,800 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

तहसुन के भाव 17,401 रुपए तक

मंडी में तहसुन की आवक 1,230 क्विंटल रही। गुणवत्ता के अनुसार तहसुन के भाव में अंतर रहा और अधिकतम भाव 17,401 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गया। इसके तहसुन उत्पादकों को अच्छे भाव मिलने की स्थिति बनी रही।

गेहूं की अलग-अलग किस्मों की आवक

सीहोर मंडी में सरबती, लोकवन और मालवाशाह सहित गेहूं की विभिन्न किस्मों की भी आवक दर्ज की गई। किसानों को उपज की गुणवत्ता के अनुसार अलग-अलग भाव मिले। मंडी में सोयाबीन और तहसुन की आवक व भाव दिनभर चर्चा में रहे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण पक्ष 06 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 02 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन

सीहोर। सस्य विज्ञान और एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2026-28 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं बेस्ट (आत्मा) जिला पुरस्कारों हेतु चार एवं इनकृड कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार एवं उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादकता, उत्पादित – हासित करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर 10 हजार रुपये प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। यही जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को 25 हजार रुपये प्रति कृषक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक कृषक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक अभिलेखों सहित अपना आवेदन संबंधित आत्मा कार्यालय अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। (आवेदन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है।

सामुदायिक वन अधिकार के सभी केस निपटेंगे

सीहोर। जिले में वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार से जुड़े लंबित प्रकरणों के जल्द निपटारे के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। जनजातीय कार्य विभाग के निर्देश पर 20 अक्टूबर तक सभी लंबित प्रकरणों का हल–अनिवार्य निराकरण करना है। इसके लिए आज गांधी जयंती पर होने वाली ग्राम सभाओं की बैठकों में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का मुद्दा मुख्य एजेंडे में अनिवार्य रूप से रखा जाएगा।

संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भोपाल विजेता, बैतूल उपविजेता

सीहोर। प्रशासनिक कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर में सम्पन्न र संभाग स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष एवं म महिला प्रतियोगिता 2026–27 का र सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के महिला एवं पुरुष र दोनों वर्गों में भोपाल की टीम विजेता न तथा बैतूल की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. न रोहिताश कुमार शर्मा रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों र को शुभकामनाएं देते हुए खेलों को – अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक विकास का संगम – बताया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय विधि महाविद्यालय, सीहोर के प्राध्यापक डॉ. पुरुषोत्तम सोन ने ` किया प्रतियोगिता का संचालन एवं आयोजन प्रदर्शन विनेश पलगर तथा अमित पिपलोदिया, क्रीड़ा अधिकारी, प्रशासनिक कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सीहोर द्वारा किया गया। चयन समिति में शासकीय महाविद्यालय दोयी के क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र कुमार, शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर के क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा तथा शासकीय महाविद्यालय बुधनी के क्रीड़ा अधिकारी तरुण रावत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के विभिन्न जिलों से आए क्रीड़ा अधिकारियों, टीम प्रबंधकों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक कलेक्ट्रेट-एसपी ने ट्रस्टपदाधिकारियों के साथ की बैठक, पेवजल, पार्किंग, सफाई, स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्था पर दिए निर्देश

शारदीय नवरात्रि में सलकनपुर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर रहेगा फोकस

डीआर संवाददाता•सीहोर

आगामी शारदीय नवरात्रि को देखते हुए विजयासन देवी धाम सलकनपुर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी सिलसिले में कलेक्टर बालगुरु के., पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना और विजयासन देवी धाम सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश रायकवार की उपस्थिति में ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



समय से पूरी हों सभी व्यवस्थाएं

कलेक्टर बालगुरु के. ने संबंधित अधिकारियों और ट्रस्ट पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को दर्शन और पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी करने को कहा गया। मंदिर परिसर में पेयजल, साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, शौचालय और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान अतिरिक्त भीड़ संभाल में श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पीक प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए विभागों और ट्रस्ट के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। मंदिर परिसर और मुख्य मार्गों पर पर्याप्त सफाई अभला तैनात करने के निर्देश भी दिए गए।

प्रवेश-निकासी और यातायात व्यवस्था पर जोर

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने नवरात्रि के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रवेश और निकासी मार्गों, पार्किंग स्थलों तथा प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग और यातायात नियंत्रण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

मंदिर परिसर और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गिरहकटी बढ़ाने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक हुतबाश सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने नवरात्रि के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया।

विभागों के बीच समन्वय से होंगी तैयारियां

कलेक्टर और एसपी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा ट्रस्ट पदाधिकारियों को आपसी समन्वय से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम सौरभ मालू, एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार संजय निगवेरिया सहित ट्रस्ट सदस्य गोपाल सिंह भौहान, जगदीन्द्र दुबे, रविशंकर व्यास, जगदीश नायक, रामकिशोर दुबे और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

आंवली घाट का निरीक्षण, गोताखोर और नाव की व्यवस्था के निर्देश

अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आंवली घाट पहुंचने को देखते हुए कलेक्टर बालगुरु के. और एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने सोमवार को आंवली घाट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने तथा उन्हें अधिक गहराई में जाने से रोकने के लिए आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए।

घाट पर पुलिस, होमगार्ड जवानों और गोताखोरों की ड्यूटी लगाने के साथ वीडर घोट की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था और आवश्यक स्थानों पर संकेतक लगाने के निर्देश भी दिए गए।

अंजली रायकवार आत्महत्या प्रकरण में दोषियों पर कार्रवाई की मांग



डीआर संवाददाता•सीहोर

श्रीगंज थाना सभी निवासी रेखा रायकवार परिवार सह, मनोहर रायकवार ने कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र सोनवाने व महिला कार्यकर्ताओं के साथ जिले के एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे के समक्ष उपस्थित होकर आवेदिका रेखा रायकवार ने आत्मा कि मेरी – पुत्री कु. अंजली रायकवार ने दिनांक 2 सितम्बर 2026 को सल्फास सेवन आत्महत्या की थी।

मेरी पुत्री व आवेदिका घर–घर व जाजर खाना बनाने का कार्य करती थ थी तथा समय निकालकर प्रतियोग उसकी खास सहायता पीसा ईश्व व विधवा लोगों को कि जो जिला हास्पिटल कोलार पर पटेल बैंक के – सामने एवं गृ ष्ण गोपालदास सोन की दुकान चलाती है, उनकी दुकान व में घर पर भी मेरी पुत्री कार्य करती थी। ये उक्त दुकान पर अरुण नाम का लड़का भी कार्य करता था। उन ए दोनों के साथ सीहोर के बाहर भी आती जाती रहती थी। उक्त ईश्व व लड़के के साथ मेरी पुत्री की कारीबी दोस्ती थी। उनके आकस्मात घण्टों मोबाईल पर बात किया करती थी। आवेदिका को शक है कि इन दोनों के कारण मेरी पुत्री अंजली रायकवार ने आत्म हत्या की है। प्रकरण की उच्च स्तरीय जाँच कराई जाकर दोनों अपराधकारणों दोषियों के विरुद्ध आत्म हत्या के लिये प्रेरित करने की धारा के तहत प्रकरण गंभीरता कर कार्रवाई से

कलेक्ट्रेट कार्यवाही के आदेश प्रदान किये जावे ताकि गरीब विधवा महिला को न्याय मिल सके।इस अवसर पर मांग करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र सोनवाने, सलकनीन पार्षद व प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव आरती नरेन्द्र सोनवाने, आशा ठाकुर, लतता लोधी, रेखा राठकवार, सोनिया रायकवार आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर राशन विक्रेताओं की हड़ताल, 595 दुकानों पर ताले

डीआर संवाददाता•सीहोर

मध्य प्रदेश राशन विक्रेता संघ के आह्वान पर जिले की सभी 595 उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार से हड़ताल शुरू कर दी। इसके चलते अब महीने 3 तारीख से शुरू होने वाला शासन वितरण इस बार प्रभावित हुआ है। दुकानें 7 अक्टूबर तक बंद रहेंगी और गिर्योंका वितरण 8 अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है।

इससे जिले के करीब 2.27 लाख परिवारों के 10.30 लाख लाभार्थियों को राशन के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

कमीशन बढ़ाने की मांग

संघ के जिलाध्यक्ष का कहना है कि वर्तमान में प्रति 30 क्विंटल पर प्रति क्विंटल कमीशन मिलता है। संघ इसे बढ़ाकर 100 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहा है। विक्रेताओं ने बताया कि तीन में होने वाली कटौती की भरपाई करने तथा डीलिंग करने में अतिरिक्त सिलेंडर लिए गए

कमीशन में 40 प्रतिशत कटौती का विरोध

जिले में करीब 5,000 टन चने के साथ ही लगभग 1,500 टन अतिरिक्त चना भी आवंटित किया गया है। इस तरह जिले में 6,500 मीट्रिक टन चने का वितरण होना है। विक्रेताओं ने बताया कि पहले 100 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन मिलता था, जिसमें से 40 प्रतिशत यानि करीब 40 रुपए प्रति क्विंटल की कटौती की जा रही है। संघ जिलाध्यक्ष सुरेश मेवाड़ा ने कहा कि कटौती के प्रस्ताव विक्रेताओं के सामने अभिव संघर्ष का रास्ता ही बचा है।

संदीपनी हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बनाई स्वच्छता ही सेवा की मानव आकृति

डीआर संवाददाता•आष्टा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद आष्टा द्वारा स्वच्छता के प्रति जन–जागरूकता एवं विद्यार्थियों में स्वच्छता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संदीपनी हायर सेकंडरी स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष महोदया हेम कुंवर राजेंद्रसिंह गेवाड़ा एवं सुश्री नगर पालिका अधिकारी विनीत कुमार प्रजापति के न निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य श्री, स्टाफ एवं स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद आष्टा की सहयोगी संस्था सुनिक वेस्ट मैनेजमेंट एडवासलटेंट प्राइवेट लिमिटेड, एजेंसी की टीम द्वारा विद्यार्थियों के सहयोग से स्वच्छता ही सेवा की मानव आकृति बनाई गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वच्छता केवल नगर पालिका या सफाई मित्रों की जिम्मेदारी नहीं है,बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को 2 अक्टूबर, महात्मा गांधी जयंती एवं स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होने वाले सामूहिक



वड़ यात्रा का सिलसिला जारी, सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक आस्था का सफर

डीआर संवाददाता•सीहोर

शहर में सुबह की शुरुआत इन दिनों एक अलग ऊर्जा के साथ हो रही है। नगरी सिद्धा पुलिस लाइन ग्राउंड में सुबह छह बजे से 'योग की पाठशाला' के सदस्य निरंतर रूप से योग और प्राणायाम करते हैं। इस समूह में अलग-अलग उम्र के लोग शामिल हैं, लेकिन विशेष नागरिकों की नियमित मागीदारी विशेष रूप से प्रेरणादायक है। अनुशासित दिनचर्या और योगाभ्यास के माध्यम से ये लोग स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दे रहे हैं।



सूत्र के संदस्य कपिल चूपेरेती के अनुसार 'योग की पाठशाला' से शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिक और गणमान्य लोग जुड़े हैं। यहां 62 वर्षीय योगाचार्य एवं शिक्षक दिनेश शर्मा निरंतर योग और प्राणायाम का अभ्यास कराते हैं। समूह में सबसे अधिक उम्र के सदस्य 84 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक अरुण सिंह राजपूत हैं। इसके अलावा एमबीबीएस से सेवानिवृत्त 70 वर्षीय मंगीलाल मालवीय, गल्ला व्यापारी 64 वर्षीय राजेश खंडेलवाल और 62 वर्षीय राजकुमार रातौर नियमित रूप से योग करते हैं।

कारोबार के साथ सेहत पर भी ध्यान

समूह में 61 वर्षीय सुभाष शर्मा, 60 वर्षीय बाबूलाल मेवाड़ा, 60 वर्षीय हनुमान मेवाड़ा, 57 वर्षीय व्यापारी राजेश गुप्ता, 55 वर्षीय देवेन्द्र पैरेट सिंह और 53 वर्षीय सोसायटी कर्मचारी भारत सिंह चौहान भी नियमित योगाभ्यास करते हैं। सदस्यों का कहना है कि सुबह का योग दिनभर सक्रिय रहने में मदद करता है और नियमित दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है।

84 वर्षीय अरुण सिंह राजपूत ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से वे खुद को सक्रिय महसूस करते हैं। समूह के सदस्य एक-दूसरे के स्वास्थ्य की भी जानकारी लेते हैं और जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे की मदद के लिए तैयार रहते हैं। समूह का मानना है कि योग केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों का होगा आत्मीय मिलन, 4 अक्टूबर को

डीआर संवाददाता•सीहोर

राष्ट्रीय अभिलेख जानकारी न्यास, मध्यप्रदेश की ओर से आयोजित किए जा रहे 'अनुभवों का मिलन 2026' कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन में जिले के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को आमंत्रित करने के लिए न्यास के पदाधिकारी घर–घर पहुंचकर आमंत्रण–पत्र दे रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवानिवृत्त सेवाकर्मियों के सेवाकाल के अनुभवों, योगदान और सामाजिक सरोकारों को साझा करने के साथ आपसी संवाद का अवसर उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मुख्य सचिव अीमप्रकाश श्रीवास्तव एवं मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास पंचे रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीहोर विधायक सुदेश राय करेंगे। सेवानिवृत्त सहायक रायपाल, सबूत शिक्षा भारती श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी।

4 अक्टूबर को होगा आयोजन

'अनुभवों का मिलन 2026' का आयोजन रविवार, 4 अक्टूबर को शाम 6 बजे क्लिंटर घीन गार्डन, वीटर पार्क के पास, सीहोर में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनुभवों और विचारों के साथ आत्मीय संवाद का अवसर मिलेगा।

न्यास ने जिले के सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सार्थक बनाने की अपील की है।

बैठक में समीक्षा भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन, गोवर्धन

गोवर्धन लीला ने बांधा श्रद्धालुओं का मन, छप्पन भोग

डीआर संवाददाता•सीहोर

बस मौत के सवीप स्थित गीता भवन भवन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया गया। भागवत भूषण पंडित अरविंद व्यास ने कहा कि भगवान की भक्ति के लिए मन में शरणागत भाव होना जरूरी है। भक्ति और समर्पण के साथ प्रभु की शरण में जाने से ही जीवन को सही दिशा मिलती है।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपनी कनिष्का उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण करने की आकर्षक झांकी सजाई गई। झांकी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु देर तक भक्ति में झूमते नजर आए। भगवान को छप्पन भोग भी अर्पित किया गया और प्रसादी का वितरण किया गया।

इंद्र का अहंकार दूर करने हुई गोवर्धन पूजा



पंडित अरविंद व्यास ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि इंद्र को अपनी शक्ति पर अहंकार हो गया था। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों से इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पूजा करने की प्रेरणा दी। इससे नाराज इंद्र ने ब्रज में भारी वर्षा कराई। ब्रजवासियों की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्का उंगली पर उठा लिया और सात दिन तक सभी को आश्रय दिया। इसके बाद इंद्र को अपनी भूल का अहसास हुआ।

पूतना वध सहित बाल लीलाओं का वर्णन

कथा में पूतना वध सहित श्रीकृष्ण की अन्य बाल लीलाओं का भी वर्णन किया गया। भक्ति व्यास ने कहा कि भगवान की लीलाएं हमें विश्वास, भक्ति और समर्पण का संदेश देती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से निर्मल मन से भगवान का स्मरण और भजन करने का आह्वान किया। यजमान कौशल आचार्य, ईश्वर जोशी और देवेंद्र जोशी के परिवार ने बताया कि कथा के अगले दिन श्रीकृ ष्ण–रुक्मिणी विवाह महोत्सव मनाया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक आयोजित हो रही है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महात्मा स्त्रांधी की जयंती पर कार्यक्रम



डीआर संवाददाता•सीहोर।

प्रशासनिक कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर में सेवा सकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के जीवन दर्शन सत्य अहिंसा स्वच्छता सेवा व राष्ट्रहित के प्रति उनके समर्प से परिचित कराना तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लि, प्रेरित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य उ उनके महत्वपू कार्यों और योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन–दर्शन सत्य अहिंसा स्वच्छता सेवा व राष्ट्रहित के प्रति उनके समर्प से परिचित कराना तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लि, प्रेरित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य उ

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, म्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विनी कृष्ण पक्ष-06 -2083 विदिशा,शुक्रवार,दिनांक,02 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

नगद इनाम की घोषणा

विदिशा। पुलिस अधीक्षक श्री रोहित कातारानी के द्वारा थाना कुरवाई में दर्ज अपराध क्रमांक 422/2026 की विधिवत कार्यवाही के फरार आरोपी अमर पुत्र वीरन चारदी निवासी ग्राम रूसिया थाना कुरवाई को सूचना देने वाले को 10 हजार नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के आवेदन 8 तक

विदिशा। ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना में किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। योजना में ब्लेडर या मलचर, प्लेनर, सब्सोइर, एग्रीकल्चर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, ड्रे रेक या स्ट्रॉ रेक, पोटी कल्टीवेटर के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदन 24 सितंबर से शुरू हुए हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 8 अक्टूबर है।

गांधी जयंती पर नशामुक्ति जागरूकता कार्यशाला आज

विदिशा। गांधी जयंती के अवसर पर शहर में जिला स्तर पर जन-जागरूकता कार्यशाला होगी। आयोजन 2 अक्टूबर 2026 को नशा मुक्ति केंद्र, राजीव नगर, विदिशा में होगा। लक्ष्य नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता बढ़ाना है।

106 वर्षीय गुलाब बाई का शताब्दी सम्मान हुआ

विदिशा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिलेभर पुनर्वास केंद्र परिसर वृद्धजनों के सम्मान किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण, निशुल्क दवाइयां और आयुष्मान शिविर लगाए गए, जिसमें करीब 180 वृद्धजनों ने लाभ लिया। कियाधक सुशील टंडन और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने वार्ड 8 निवासी 106 वर्षीय गुलाब बाई विश्वकर्मा का शताब्दी सम्मान किया। वहीं मौजूद अन्य वृद्धजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वृद्धजनों के स्वास्थ्य और अधिकारों से संबंधित जानकारी भी दी गई।

बुकफड नाटक से दिखाया मोदी का संघर्ष

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद लटेरी में कलाबारी ने नुक्कड़ नाटक किया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन-संघर्ष, साहस और राष्ट्रसेवा के भाव को दर्शाया गया। इसमें साइलेंट गुजरात और ज्योतिग्राम जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया गया। आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक रुख और पाए को सर्वोपरि रखने का संदेश प्रस्तुति का मुख्य विषय रहा। 13 कलाकारों ने अभिनय किया। मान्या, मुस्कान, रोहिणी, प्रिंस, साहिल, सूरज, अमन, शुभम और अन्नी ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई।

सांई अस्पताल पर छापारू बिना अनुमति चल रहा था आयुष्मान अस्पताल, फ्रीजर में मिले एक्सपायरी इंजेक्शन

सिरोंज में एसडीएम की कार्रवाई, अस्पताल में नहीं मिला कोई योग्य डॉक्टरय रिकार्ड में हेरफेर करते ऑपरेटर पकड़ा गया

डीआर संवाददाता ■ सिरोंज।



नगरी आबादी वाले इलाके में बिना जरूरी अनुमति और योग्य चिकित्सकों के संचालित किए जा रहे साई अस्पताल पर गुरुवार को एसडीएम की टीम ने छापा मारा। करीब 1200 स्क्वायर फीट क्षेत्र में बनी तीन मंजिला इमारत में चल रहे इस अस्पताल में जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अस्पताल आयुष्मान योजना से जुड़ा हुआ बताया गया है।

निरीक्षक के दौरान टीम को अस्पताल की बिल्डिंग का नक्शा पास नहीं मिला। पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं थी और जनरेटर सड़क पर रखा हुआ मिला। अस्पताल में फ्रीजर में एक्सपायरी डेट की इंजेक्शन पाए गए। यहीं एक्स-रे मशीन एक कमरे में रखी थी, लेकिन उसे रेडियोलॉजी कक्ष में लगा तकनीकी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं था। अस्पताल से निकलने वाला कचरा मेडिकल वेस्ट के नियमों का पालन नहीं कर रहा। नगरपालिका स्वास्थ्य अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि अस्पताल संचालक संदीपन दांगी सहित तीन चिकित्सक के खिलाफ धारा 336, 420 और 465 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। टीम ने इस मामले में भी जानकारी जुटाई है। अस्पताल संचालक ने दोष अधिकारी की गैरमौजूदगी का दावा किया, लेकिन निरीक्षण के समय कोई वैधानिक चिकित्सक मौके पर नहीं मिला।

रिकॉर्ड में बदलाव की कोशिश, लैपटॉप जब्त

छापे के दौरान अस्पताल का कंप्यूटर ऑपरेटर रिकॉर्ड में बदलाव करने का प्रयास करता मिला। इस पर एसडीएम अभिनवनारायण बकसुरिया ने नाराजगी जताते हुए ऑपरेटर डेस्क और एक युवती को फटकार लगाई। पुलिस ने अस्पताल का लैपटॉप जब्त कर लिया है, जिसकी जांच की जा रही है।

मरीज की मौत को लेकर परिजन ने लगाए आरोप

छापे की जानकारी मिलने पर इलेक्ट्रिक सामग्री विक्रेता महेंद्र जैन भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी मीना जैन की 8 अगस्त के दौरान मौत हो गई थी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए और इलाज से जुड़े दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। हालांकि अस्पताल संचालक ने महिला के अस्पताल में भर्ती होने से इनकार किया।

जवाब नहीं मिलने पर सील होगी कार्रवाई

जांच टीम ने अस्पताल की खामियों का पंचनामा तैयार कर लिया है। अस्पताल प्रबंधन को तीन दिन में जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

बीएमओ डॉ. नीलम वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएमएचओ विदिशा डॉ.सतीश कुशवाह ने कहा कि अस्पतालों में एक मजबूत रक्षित राशी बिदुओं की वित्तुल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नशे बेचने का मामला: गैर इरादतन हत्या के 2 आरोपी और गिरफ्तार हुए



डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

नशे बेचने का मामला: गैर इरादतन हत्या के प्रकरण में फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में पहले भी दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस तरह अब तक कुल चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। नशा बेचने के मामले में गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज करने का प्रयास का यह पहला मामला है। पुलिस अधीक्षक रोहित कातारानी के निर्देशन में यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका सिसोदिया और नगर पुलिस अधीक्षक अनुज सिंह के मार्गदर्शन में की गई।

थाना सिविल लाइन में अपराध प्रकरण दर्ज है। थाना 2 सितंबर की है, जिसमें सम्यसपुर निवासी हेमराज दांगी (22) की मौत हुई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने ज्योति कुशवाहिया निवासी शेरपुर टीला और राकेश कुशवाहिया उर्फ फावर निवासी लक्ष्मणबाग कॉलोनी को गिरफ्तार किया। पुलिस के पूछताछ ज्योति के खिलाफ पहले से 11 और राकेश के खिलाफ छह मामले दर्ज हैं। मामले में पूर्व से गोविंद उर्फ मोंकल अहिरवार और जीतू उर्फ मिठेड़ कुशवाहिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच की जा रही है। जांच में और भी आरोपियों के शामिल होने की आशंका है। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे नशे के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

चांदी के विमान रथ में विराजे भगवान

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



अंतरिक्षा स्थित प्राचीन श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में गुरुवार को पंचमी पर्व पर धार्मिक जिनाभिषेक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। पूजा सुनि 108 निर्गंथ सागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में सुबह विशाल घट स्थापित किया गया।

घट स्थापित में भगवान महावीर चांदी के विमान रथ में विराजमान थे। दोनों और चांदी के मेरु एवं आकर्षक छत्र सजे थे। श्रणी में जिनवाणी लेकर इंद्र-इंद्राणी शामिल हुए। आचार्य और मुनिराज को कटआउट भी ट्रॉली का ध्यान आकर्षित कर रहे थे।

समारोह कलरिया, दिलक पीस, निकासा, किरी मोहल्ला, सराफांगज और पेढ़ी मौहल्ला होते हुए वासव मंदिर पहुंचा। अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के सदस्य भजनों पर नृत्य करते हुए शामिल हुए। श्रावोदया तीर्थ दीनानगंज के 70 से अधिक विद्यार्थी जैन धर्म की गतिविधि लेकर चले।

मंदिर पहुंचने पर आचार्य पूजन, कायोत्सर्ग और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रुतियों को प्रवचन के बाद वात्सल्य भोज हुआ। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर निशिन जैन, एसडीएम अनुराग जैन सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

घर पर गणेश विसर्जन करने वाले 200 लोगों को नि:शुल्क दिखाई फिल्म

अंगद सेना की पहल, पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक परिवारों का किया सम्मान

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान जलाशयों को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से शहर के युवाओं ने अनूठी पहल की। घर पर स्थापित प्रतिमा का विसर्जन करने वाले परिवारों को प्रोत्साहित करने के लिए अंगद सेना की ओर से मेघ टॉकीज में फिल्म टायुगल शंकर का निशुल्क प्रदर्शन कराया गया। इसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित करीब 200 लोग शामिल हुए।

सम्मानसेवी संजय प्रजापति ने बताया कि कई परिवारों ने बेतवा नदी और अन्य जलस्रोतों में विसर्जन करने के बजाय अपने घर की छत या बगीचे में बनाए जल में प्रतिमा विसर्जित की। इन परिवारों ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाई।

अंगद सेना ने इन जागरूक परिवारों से गणेश विसर्जन के फोटो और वीडियो भेजकर ये, जिनके आधार पर लकी ग्राम ड्रिमा रखा गया। आयोजन के दौरान परिवारों का आभार जताते हुए शहर के अन्य लोगों से भी आगामी गणेश उत्सव में "आस्था भी, प्रकृति की रक्षा भी" के संकल्प के साथ घर पर विसर्जन करने की अपील की गई।

संयोग प्रजापति ने कहा कि छोटे-छोटे जिम्मेदार कदम समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। घर पर विसर्जन से जल प्रदूषण रोकने के साथ सामाजिक एकता और प्रेम की भावना भी बना होती है।

पिता को बहू के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने पर बेटी पर पिता का हमला, शव को ठिकाना लगाया

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा



ग्राम सुनारी में मंगलवार को हुए तहरे की बेटी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, बेटी सुबह घर से बाहर खेलने के लिए गई थी, जो सुबह करीब 10 बजे वापस घर लौटी। इसी दौरान उसने कथित तौर पर अपने पिता लालाराम उर्फ लल्लन को बहू रोमिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। पुलिस ने देर रात लालाराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बेटी के प्रयासन करने से पहुंचने से लालाराम घबरा गया और गुस्से में उस पर कई वार से हमला कर दिया। बच्ची बेहोश हो गई और बाद में उसकी मौत हो गई। आरोप है कि घटना के बाद लालाराम ने शव को घर के पीछे झाड़ियों के बीच सेप्टिक टैंक के पास फेंक दिया। अगुवाखेड़ी गढ़ी थे फोक दिया। पुलिस ने देर रात तलाश करने के दौरान इसी गढ़ी से बच्ची का शव बरामद किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नशा बेचने के मामले में गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

थाना सिविल लाइन पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

यह प्रकरण सिरोंकर माह में संभाग्यपुर निवासी हिमांश दांगी (22) की मौत के बाद दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में नशे के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों की भूमिका सामने आई थी। गिरफ्तार आरोपियों में ज्योति कुशवाहिया निवासी डेरापुर टीला और राकेश कुशवाहिया उर्फ फावर निवासी लक्ष्मणबाग कॉलोनी शामिल हैं। पुलिस के पूछताछ ज्योति पर पहले से 11 और राकेश पर छह आपराधिक मामले दर्ज हैं।मामले में पूर्व से गोविंद उर्फ मोंकल अहिरवार और जीतू उर्फ मिठेड़ कुशवाहिया को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच की जा रही है। आशंका है कि ऐसे मामलों में आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

आईटीआई में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पुरुष), विदिशा में जिला परिवहन अधिकारी (परि), विदिशा द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों एवं युवाओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा मानकों, हेलमेट व सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा जिम्मेदार ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। इस शिविर की प्रमुख विशेषता यह रही कि शासन के निर्देशानुसार छात्राओं व अभिभावकों के लिए लर्निंग लाइसेंस पूर्णत: निःशुल्क बनाए जाने की विशेष सुविधा प्रदान की गई, जिसका बड़ी संख्या में बालिकाओं ने लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सजक सुरक्षा जीवन रक्षा का मूल मंत्र है। नियमों का पालन कर हम स्वयं के साथ-साथ समाज को भी सुरक्षित बना सकते हैं। शिविर में परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शासकीय आईटीआई विदिशा के प्रशासी, प्रशिक्षण अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

महा लक्ष्मी पूजन

महालक्ष्मी पूजन आज, प्रदोष व्यापिनी अष्टमी में होगा विशेष

संतान की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



सनातन हिंदू धर्म में जीवत्पुत्रिका व्रत, हाथी पूजा और महालक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व माना गया है। इस वर्ष महालक्ष्मी पूजन 3 अक्टूबर शनिवार को किया जाएगा। आश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर महिलाएं पुत्र-पौत्रों की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से व्रत रखेंगी।

धर्मशीकारी पंडित गिरीश शास्त्री ने बताया कि अष्टमी तिथि 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 5:52 बजे तक रहेगी। प्रदोष काल में अष्टमी तिथि होने के कारण इसी दिन महालक्ष्मी पूजन करना शास्त्रों के अनुसार शुभ माना गया है। इस अवसर पर महिलाएं जलाशय में जाकर लाजी पूजा करेंगी। इसके बाद मिट्टी या धातु के हाथी और उस पर विराजमान महालक्ष्मी का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा।

पूजन में 16 संख्या का विशेष महत्व माना जाता है। महिलाएं 16 गांठ का गंडूमा, 16 बार परिक्रमा, 16 दीपक, 16 श्रृंगार और 16 पूजन सामग्री के साथ महालक्ष्मी की आराधना करती हैं। प्रदोष काल में गाय के गोबर से चौक बनाकर पाटे पर हाथी स्थापित किया जाता है। इसके बाद धूप, दीप, अक्षत, पुष्पमाला और नैवेद्य अर्पित कर माता लक्ष्मी का पूजन किया जाता है।

पंडित शास्त्री के अनुसार इस बार आठों नक्षत्र, वरियान योग और मिथुन राशि में चंद्रमा की स्थिति से शुभ संयोग बन रहा है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन से हाथी पर विराजमान महालक्ष्मी की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और वैभव की प्राप्ति होती है।

मान्यता के अनुसार द्वापर युग में माता कुंती के पूजन के लिए अर्जुन इंद्रलोक से ऐरावत हाथी को पृथ्वी पर लेकर आए थे। इसी परंपरा के आधार पर महालक्ष्मी पूजन में हाथी पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।

अवैध क्लीनिकों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



विदिशा जिलाकलक्टर अंतर्गत ग्राम पीपलखेड़ा कला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गैर-मान्यता प्राप्त एवं अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन क्लिनिक सील और दो क्लिनिक को नोटिस जारी किए गए हैं।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार गठित जांच दल ने ग्राम में संचालित क्लीनिकों का निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं निर्धारित मापदंडों का पालन करने के संबंध में नोटिस जारी किए गए।

कार्रवाई के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद दीवान, बीएमओ विदिशा डॉ. विकास सिंह, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ खरे, मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव यादव, श्री प्रदीप सतीर, श्री रोहित दोहरे एवं की तलाश सुहेल शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में बिना मान्यता एवं निर्धारित नियमों के विपरीत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की जा रही है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

आश्विनी कृष्ण पक्ष-06 -2083 राजगढ,दिन शुक्रवार,दिनांक 02 अक्टुबर,2026

न्यूज गैलरी

मूक-बधिर दिव्यांगजनों के अधिकारों और योजनाओं की दी जानकारी

राजगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर 29 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर में 'अनुरूप से उद्भासित विश्व पर थीम एवं अन्य बाधित दिव्यांगजनों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। बधिर शब्दों के तहत आयोजित कार्यशाला में दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों, निःशुल्क विधिक सेवाओं, शासकीय योजनाओं, शिक्षा, रोजगार और दिव्यांगता निवारण की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में करीब 30 मूक-बधिर दिव्यांगजनों ने सहभागिता की। इस दौरान सामने आया कि कई प्रतिभागियों के पास यूडीआईडी कार्ड नहीं है या उनके कार्ड का नवीनीकरण आवश्यक है। कुछ दिव्यांगजन आवास सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ से भी वंचित पाए गए। समन्वयकों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवेदन तैयार कर मौके पर ही उपलब्ध कराए गए।

सचिवालय डॉ. निशा गुप्ता रेजलेक ने प्रदान की आवश्यक सहायता

राजगढ़, शुक्रवार, अक्टूबर 1, 1855 ई

राजगढ़,कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आंवेदिका अनगौन चाटी को 05 हजार रुपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदान की गई। आंवेदिका द्वारा बताया गया कि आवेदिका की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। आवेदक अपने परिवार का भरण पोषण करने में असमर्थ है।

उल्लास-एक अभिनव प्रयोग' के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

राजगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायालय राजगढ़ के तत्वावधान में 'उल्लास-एक अभिनव प्रयोग' अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला न्यायालय परिसर में हुई प्रतियोगिता में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, अभियोजकों, पैरालीगल वालंटियर्स एवं अन्य संबंधितों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में करीब 50 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने सांस्कृतिक, देशभक्ति और प्रकृति आधारित रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जजकर्मक रंगोलियों से न्यायालय परिसर का मनोरम उत्सवपूर्ण नजर आया। प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव म. आप्टे ने प्रमाण-पत्र वितरित किए।

अधूरे सीएम राइज भवन में चल रही पढ़ाई, सुरक्षा पर उठेसवाल

'न लोकार्पण हुआ, न विभाग को हैंडओवर, फिर भी नए भवन में लग रही विद्यार्थियों की कक्षाएं

प्रेरणा संवाददाता ■ सारंगपुर।



शहर के 38 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा सीएम राइज स्कूल भवन चार साल बाद भी पूरी तरह कनेक्शन तैयार नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य अभी जारी है, लेकिन इसी अधूरे भवन में विद्यार्थियों की कक्षाएं और स्कूल कार्यालय संचालित किए जा रहे हैं। मजेदार बात ना तो अधिकारिक लोकार्पण हुआ है और न ही इसे शिक्षा विभाग को विधिवत हैंडओवर किया गया है।

सादौनिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन के लिए बनाए जा रहे इस भवन का वर्चुअल भूमिपूजन 29 अक्टूबर 2022 को एकलबीर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। टैंडर प्रक्रिया के बाद पीआईयू की देखरेख में इंदौर की कंपनी गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी ने वर्ष 2023 में निर्माण शुरू किया था। निर्माण अवधि करीब 18 माह से दो वर्ष निर्धारित आई गई थी, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी काम अधूरा है।

भवन के कुछ हिस्सों में अभी भी मजदूर काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों की पढ़ाई भी उसी परिसर में जारी है। पुराने भवन में जगह की कमी के कारण नए भवन में कक्षाएं शुरू करने की अनुमति मिल जाएगा कर दी गई। निर्माण में देरी के लिए जिम्मेदारी तय करने, गुणवत्ता जांच और अब तक हुए भुगतान की जानकारी भी सामने नहीं आई है।

निर्माण के दौरान भवन की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ चुके हैं। पूर्व में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नीलम ट्रेपासने ने निरीक्षण कर पीआईयू अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को घुणवत्ता मानक रखने तथा काम पूरा करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद निर्माण पूरा नहीं हो सका।

अब सम्पदा कीमत देरी तक रीमिल नहीं है, बालिक जयपुर होने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठ रहा है कि बिना टेंडओवर और सुरक्षा संबंधी औपचारिकताओं के भवन में कक्षाएं शुरू करने की अनुमति किस आधार पर दी गई। निर्माण में देरी के लिए जिम्मेदारी तय करने, गुणवत्ता जांच और अब तक हुए भुगतान की जानकारी भी सामने नहीं आई है।

भवन में विद्यार्थियों की सुरक्षा, निर्माण गुणवत्ता और प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं।

इनका कहना है . . .

पुराने भवन में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की कक्षाएं नए भवन में लगाने की व्यवस्था की गई है। भवन का औपचारिक हैंडओवर और लोकार्पण अभी नहीं हुआ है।

"सुरेश सीरवाल, बीईओ सारंगपुर"

सागौन तस्करी पर वन विभाग की कार्रवाई, 2 बाइक और 15 सिल्लियां जब्त



प्रेरणा संवाददाता ■ गुलगलिया।

नगर में अवैध लकड़ी कारोबार और सागौन तस्करी को लेकर लगातार सामने आ रही शिकायतों के बाद वन विभाग ने कार्रवाई की है। देर रात वन अमले ने आरा जी के वन क्षेत्र में तस्करी का पीछा किया, जहां आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके से वन विभाग की टीम ने दो मोटरसाइकिल और 15 सागौन की सिल्लियां जब्त की हैं।

जानकारी के अनुसार तस्कर बाइक के जरिए में सागौन की लकड़ी लेकर जा रहे थे। वन विभाग की टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए। कार्रवाई के बाद नगर में अवैध लकड़ी की खपत और इसके उपयोग को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय बाइरी क्षेत्रों से लकड़ी से लदे वाहन गुजरते हैं। आशंका जताई जा रही है कि अवैध सागौन को नगर में संचालित कुछ कारखानों तक पहुंचाया जा रहा है, जहां उसे मलटकर बाजार में खपाया जाता है। हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

लोगों ने मांग की है कि वन विभाग और पुलिस को संयुक्त रूप से जांच कर अवैध लकड़ी कारोबार पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल हो रहे वाहनों और नेटवर्क का भी खुलासा किया जाना चाहिए।

यही दूसरी ओर सारंगपुर में योगेश मोदीवाली ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। उन्हें मिला हुआ पाया आवेदिका निवासी पंचाराम पाली का मोबाइल उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में सत्यापन के बाद वापस लौटा दिया। उनके इस कार्य की लोगों ने सराहना की।

राजगढ़ जिले के 10 पुलिसकर्मी डीजीपी प्रशंसा पत्र-पदक के लिए चयनित

प्रेरणा संवाददाता ■ ब्यावरा।

पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा स्वतंत्रता के लिए जारी पुलिस महानिदेशक प्रशंसा पत्र एवं पदक की सूची में राजगढ़ जिले के 10 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का चयन हुआ है। चयनित पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट और उत्कोत्तीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

इस सूची में व्यापारी जिटी थाना प्रभारी विजयसिंह सिंह चौहान और मालवा पेट्रोल थाना प्रभारी प्रवीण जाट सहित जिले के विभिन्न थानों और शाखाओं में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

चयनित पुलिसकर्मियों में सारंगपुर थाना प्रभारी एवं निरीक्षक राहुल रघुवंशी, तीमारीडूगा थाने के एसआई निरीक्षक अमित राजोरिया, सिंहाचौपुर थाने के एसआई जसवंत गोठरिया, डिग्गीहाट एसडीपी एसआई दांगी, जिटोद अंजाने और सदूदर थाना प्रभारी शामिल हैं। इनके अलावा सायबर एवं तकनीक सहायता शाखा, भायलपुर थाने के प्रधान आरक्षक सचिन यादव, सदूदर शाखा के प्रधान आरक्षक लेखन सिंह और नरसिंहगढ़ थाने के प्रधान आरक्षक दीपक यादव का भी चयन हुआ है। सुरिता महानिदेशक प्रशंसा पत्र एवं पदक पुलिसकर्मियों की विशिष्ट सेवाओं, अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, आयवा के दौरान संवेदनशील कार्य और पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने वाली पहल के आधार पर प्रदान किया जाता है।

आजीविका मिशन की साधारण सभा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

प्रेरणा संवाददाता ■ ब्यावरा।

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत साधारण सभा का आयोजन किया गया। इसमें रव-राहायता समूहों की महिलाओं, ग्राम संगठन एवं सकुल स्तरीय संगठनों के पदाधिकारियों, सिंगल वर्मचारियों और ग्रामप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सभा में स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैंक से नियमित बचत, आंतरिक ऋण, बैंक से जुड़ाव, ऋण वापसी और आर्थिक लेन-देन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।



अधिकारियों ने कृषि आधारित कार्य, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, बकरी एवं मुर्गी पालन, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई और लघु व्यवसायों से महिलाओं को जोड़ने की संभावनाओं पर विचार किया।

उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन का उद्देश्य केवल राशि बनाना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। बैठक में शासन की योजनाओं का लाभ लेने, बैंकिंग सेवाओं के उपयोग और नए रोजगार अवसरों से जुड़ने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान में सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

प्रेरणा संवाददाता ■ जीरापुर।

सेवा सकलन अभियान के तहत सिविल अस्पताल जीरापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक हजारीलाल डांगी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान को मानव सेवा का महत्तपूर्ण कार्य बताते हुए लोगों से अधिकाधिक संख्या में आगे आने की अपील की।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व नगाध्यक्ष बालचन्द दांगी सोयत, भाजपा महामंत्री रमेशचन्द्र शर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री शिव मंडलोई, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री राजेंद्र परिहार, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमोरिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

वहीं ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. सुनील देवरिया, एसएमओ देवनारायण दांगी, कमल भायलाल सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

अलंकरण समारोह में हेड बॉय-हेड गर्ल सहित हाउस पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

प्रेरणा संवाददाता ■ सारंगपुर।

फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सत्र 2027-28 के लिए हेड बॉय, हेड गर्ल और चारों हाउसों के पदाधिकारियों का गायन अलंकरण समारोह के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के रामझा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

संस्था प्रबंधक अशोक भायड़ा एवं निर्मल परिहार ने भमनित हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन को बैज एवं पद की बेल्ट पहनाकर जिम्मेदारी सौंपी। विद्यालय की बोध टीम ने शानदार पथेद प्रस्तुत कर अतिथियों को सलामी दी।

निर्मित परिहार ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी जैसे गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

गाली-गलौज वाले मैसेज को लेकर दो पक्षों में विवाद, दोनों ने की शिकायत

प्रेरणा संवाददाता ■ ब्यावरा।

मोबाइल फोन पर भेजे गए गाली-गलौज और आपत्तिजनक संदेश को लेकर खुमार सात दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला थानेपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्ष सिटी थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर मारपीट व धमकी देने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 18 सुतलिया रोड निवासी कुलदीप पिता विष्णु ओझा ने शिकायत में बताया कि उसके मोबाइल से उसके चाचा खुमार सात दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला थानेपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्ष सिटी थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर मारपीट व धमकी देने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरी ओर विपक्ष की बाड़ी निवासी प्रकाश वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मोबाइल पर कुलदीप की ओर से गाली-गलौज वाले मैसेज भेजे गए थे। इसी मामले को लेकर समझाइश देने के लिए वह अपने भाई आशीष के साथ सिटी थाने पहुंचा था। वहां दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया और कुलदीप, उसके पिता तथा तरुण पेसा ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके भाई आशीष के साथ भी मारपीट की और धमकी दी।

दोनों ओर से शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई। सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

स्वदेशी उत्पाद

क्षेत्र के पारंपरिक कारीगर परिवार अपनी मेहनत और हुनर से मिसाल पेश कर रहे हैं

खजूर के पत्तों से झाड़ू, चटाई, टोपले सहित अन्य उपयोगी सामग्री तैयार कर अपनी आजीविका चला रहे हैं।

प्रेरणा संवाददाता ■ सारंगपुर।



गांधी जयंती के अवसर पर स्वदेशी उत्पादों और आत्मनिर्भरता की बात के बीच सारंगपुर क्षेत्र के पारंपरिक कारीगर परिवार अपनी मेहनत और हुनर से मिसाल पेश कर रहे हैं। भारगुंडा समाज के करीब 200 परिवार खजूर के पत्तों से झाड़ू, चटाई, टोपले सहित अन्य उपयोगी सामग्री तैयार कर अपनी आजीविका चला रहे हैं।

समाज के रामबाबू पिता कुंजीलाल गौड़, जीवन गौड़, सुरेश गौड़, जितेंद्र, सजेश, सुनील, विकास और कुलदीप गौड़ बताते हैं कि यह काम उनके पूर्वजों के समय से चला आ रहा है। जंगलों से खजूर की पत्तियां लाकर उन्हें साफ कर हाथों से विभिन्न वस्तुएं तैयार की जाती हैं। इन उत्पादों को सारंगपुर के बाजार के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और महानगरों तक पहुंचाकर बेचा जाता है।

बदलते समय में मशीनों से बने सामान की बढ़ती उपलब्धता के बावजूद समाज के परिवार प्राकृतिक सामग्री से तैयार उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे हैं। इन वस्तुओं में पारंपरिक कला के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी छिपा है।

वहीं सारंगपुर का देवकरण बंजारा परिवार भी बांस के हुनर से आत्मनिर्भर बना हुआ है। परिवार के सदस्य बांस से टोकरी, सूपा, झाड़ू, बांसुरी सहित कई उपयोगी वस्तुएं तैयार करते हैं। बांस लाने से लेकर उसे आकार देने तक का काम परिवार के लोग मिलकर करते हैं।

देवकरण बंजारा बताते हैं कि उनका परिवार पीढ़ियों से बांस के कार्य से जुड़ा है। तैयार सामग्री को स्थानीय बाजारों, मेलों और आसपास के क्षेत्रों में बेचकर परिवार का खर्च चलाता है। उन्होंने बताया कि अब तक शासन की योजनाओं का विशेष लाभ नहीं मिल पाया है।

कारीगर परिवारों का कहना है कि यदि उन्हें प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाए तो यह पारंपरिक कला और मजबूत हो सकती है। खजूर के पत्तों और बांस से तैयार उत्पाद स्वदेशी भावना के साथ लोकल फॉर वोकल की मिसाल बन रहे हैं।

विकास कार्यों को लेकर भाजपा पार्षद की 20 किमी पदयात्रा, 7 दिन में काम शुरू कराने की मांग

प्रेरणा संवाददाता ■ सिरसापुर।

नगर में लंबे समय से अटके विकास कार्यों को शुरू कराने की मांग को लेकर वार्ड-5 के भाजपा पार्षद संदीप शर्मा गुरुवार को करीब 20 किलोमीटर की पदयात्रा कर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

उन्होंने तीमारडूगा गेट से पदयात्रा शुरू की और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सात दिन में लंबित कार्य शुरू कराने की मांग की।

पार्षद शर्मा ने कहा कि यदि सात दिन में काम शुरू नहीं हुए तो वे आमरण अनशन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पदयात्रा भाजपा के किसी भी नहीं, बल्कि सिरसापुर के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से की गई है। पदयात्रा में स्थानीय लोग भी शामिल हुए।



ज्ञापन में अधिक टैंडर जारी करने, वर्क ऑर्डर देने और वीएम प्रक्रिया पूरी कराने की मांग रखी गई। शर्मा ने चूने में हुए घुए सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि पहिया निर्माण की जांच के बाद कुछ ठेकेदारों से वसूली की कार्रवाई हुई थी, लेकिन संबंधित राशि अब तक जमा नहीं हुई।

शर्मा ने दावा किया कि करीब 10 महीने से नगर के विकास कार्यों में अपेक्षित गति नहीं आई है। वार्ड 5 से 15 तक सड़क, नाली, पेयजल, दुकानों, बस स्टैंड और मां गाडरगंगा नदी की सफाई सहित कई काम लंबित हैं। उन्होंने प्रशासन से प्रस्तावित कार्यों के वर्क ऑर्डर जल्द जारी करने की मांग की है।